राज्यपाल सचिवालय

राजभवन] जयपुर

सर्वकालिक अनुकरणीय हैं भगवान श्री कृष्ण-राज्यपाल

जयपुर] 14 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण सार्वकालिक अनुकरणीय हैं। उनकी सकारात्मक पहल से समाज को सही दिशा मिल सकी। आज के समय में भी गीता के उपदेश प्रासंगिक है।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार को यहां सवाई मान सिंह अस्पताल के सभागार में विवेकानन्द केन्द्र द्वारा आयोजित कृष्ण का नीति शास्त्र विषय पर विमर्श कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि कृष्ण का जीवन संघर्षमय था। उन्होंने कभी धैर्य नहीं खोया। हर कदम पर सभी को साथ लेकर चले। अपनी शक्ति को केन्द्रीभूत रखा, जिससे उन्हें सफलता मिली।

राज्यपाल ने कहा कि गीता के उपदेशों को व्यवहार में लाया जाना चाहिए। इससे जीवन में उत्तरोतर प्रगति होगी।

समारोह को पदमश्री निवेदिता ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्र्रम में श्री भवानी लाल माथुर] श्री सीता राम सेठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। -

राज्यपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करंेगे

जयपुर] 14 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार को दोपहर 12 बजे जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगें। राज्यपाल श्री मिश्र समारोह में छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान करेंगे।

- - -

डा लोकेश चन्द्र शर्मा

सहायक निदेशक (जनसम्पर्क] राज्यपाल